आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 11.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- श्रावण मास की वार्षिक कांवड़ यात्रा आज से शुरू।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मां नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने प्रदेश के हर गांव और कस्बे तक इंटरनेट सेवा पहुंचाने पर जोर दिया है।
- मौसम विभाग ने आज देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

कांवड़ यात्रा

श्रावण मास की कांवड़ यात्रा आज से शुरू हो गयी है। आज सुबह से बड़ी संख्या में कांवड़िये गंगा जल लेने के लिए हरिद्वार, ऋषिकेश, नीलकंठ महादेव और गंगोत्री धाम पहुंच रहे हैं। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शासन–प्रशासन ने यात्रा की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। पेश है एक रिपोर्ट

माँ नंदा देवी राजजात यात्रा

अगले वर्ष चमोली जिले में प्रस्तावित ऐतिहासिक माँ नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियाँ जोरों पर हैं। यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में अधिकारियों को यात्रा मार्गों की समय पर मरम्मत, प्रमुख पड़ावों पर प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों और टेलीमेडिसिन सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में श्री धामी ने यात्रा के दौरान पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को प्रोत्साहित देने के साथ ही स्थानीय लोक कलाकारों, ग्राम पंचायतों और स्वयंसेवी संगठनों को यात्रा से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ एक व्यापक कार्ययोजना तैयार करने और वर्ष 2025 के अंत तक जमीनी स्तर पर सभी तैयारियाँ पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि वर्ष 2026 की यह दिव्य यात्रा श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और अविस्मरणीय अनुभव बन सके।

कलश यात्रा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून से उत्तरप्रदेश के कुशीनगर जिले में स्थित भगवान सूर्य की मूर्ति के जलाभिषेक के लिए कलश यात्रा को रवाना किया। कुशीनगर में सूर्य की मूर्ति के जलाभिषेक के लिए देश से लगभग 151 पवित्र नदियों का जल एकत्र किया जा रहा है। इसी क्रम में देवभूमि उत्तराखण्ड की पवित्र नदियों से एकत्रित जल की कलश यात्रा को मुख्यमंत्री ने रवाना किया।

इस दौरान महामंडलेश्वर श्री 1008 डॉक्टर स्वामी संतोषानंद देव जी महाराज, पूर्वांचल महोत्सव समिति के अध्यक्ष विनय राय और समिति के सदस्य मौजूद रहे।

निरीक्षण

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल विकासनगर तहसील के सुदूरवर्ती आपदा प्रभावित गांव बटोली पहुंचे। उन्होंने पैदल दुर्गम रास्ता तय कर गांव में लोगों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा या मुसीबत में प्रशासन सबसे पहले गांव तक पहुंचेगा।

गौरतलब है कि लगातार बारिश के कारण कोटी–बटोली सड़क शेरूखाला सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे गांव के 32 परिवारों का संपर्क टूट गया है। पैदल रास्ता भी बार–बार क्षतिग्रस्त हो रहा है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने रास्ते को सुचारू रखने के लिए हर समय मैनपावर और मशीनरी तैनात करने के निर्देश दिये हैं।

बटोली गांव में अस्थायी हेलीपैड निर्माण के लिए 15 दिन में स्थल चयन करने और निर्माण कार्य शुरू करने को कहा गया है।

संचार

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने राज्य के हर गांव और कस्बे तक इंटरनेट सेवा पहुंचाने पर जोर दिया है। देहरादून में आठवीं राज्य स्तरीय ब्रॉडबैंड समिति की बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के जिन स्थानों में सड़क संपर्क नहीं है, वहां हवाई मार्ग से उपकरण पहुंचाकर इंटरनेट सेवा दी जाए। उन्होंने पिटकुल की 617 किलोमीटर फाइबर ऑप्टिकल लाइन को टेलीकॉम कंपनियों को किराए पर देने का सुझाव भी दिया।

इस बैठक में टेलीकॉम विभाग, मोबाइल कंपनियों और संबंधित अधिकारियों ने केंद्र सरकार की संचार व इंटरनेट परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान कॉल ड्रॉप की समस्या पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने मोबाइल कंपनियों को निर्देश दिए कि शहरों व कस्बों में कॉल ड्रॉप या कनेक्टिविटी की दिक्कतों को दूर करने के लिए संसाधनों का पुनः सर्वे कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में टेलीकॉम विभाग ने बताया कि भारतनेट योजना के तहत राज्य में छह हजार 590 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। 30 विकासखंडों की एक हजार 819 ग्राम पंचायतों में 13 हजार 576 कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

बेडू–जी.आई.टैग

पौड़ी गढ़वाल जिले के विकासखंड पौड़ी में ग्रामोत्थान परियोजना–रीप के माध्यम से बेडू इकाई में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ बेडू के फलों से जैम और चटनी बनाकर बाज़ार में बेच रही हैं।

ग्रामोत्थान परियोजना रीप के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह बिष्ट ने बताया कि बेडू को जीआई टैग मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि इससे बेडू उत्पादों को एक नई पहचान मिलेगी।

उमंग स्वायत्त सहकारिता की बिजनेस प्रमोटर आशा नेगी ने बताया कि बेडू संग्रहण को लेकर महिला समूहों में काफ़ी उत्साह है।

मौसम

मौसम विभाग ने आज देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

इस बीच, प्रदेश में आज मौसम सामान्य होने से पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन से अवरुद्ध मार्गों को युद्ध स्तर पर खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओजरी के पास वेली ब्रिज का बनकर तैयार हो गया है और वाहनों की आवाजाही को फिर से सुचारू कर दिया गया है। गौरतलब है कि गत 28 जून को भूस्खलन के कारण ओजरी के पास राजमार्ग का कुछ हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था।

सकारात्मक पहल

प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के लिए स्वास्थ्य विभाग संभावित प्रसव वाली महिलाओं की समय रहते पहचान कर उन्हें सुरक्षित प्रसव के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। इसी क्रम में चमोली जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी 9 विकासखंडों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, आशा और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी घर–घर जाकर गर्भवती महिलाओं का सर्वेक्षण कर रहे हैं। इसी दौरान पोखरी ब्लॉक के उच्च जोखिम क्षेत्र की गर्भवती महिला सुनीता देवी की समय रहते पहचान कर उन्हें जिला अस्पताल गोपेश्वर भेजा गया।